बुधवार
22 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर








वर्ष 2, अंक 78 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com


## राजगीर जू और नेचर सफारी का विदेशी कंटेंट क्रिएटर्स ने किया भ्रमण



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर में स्थित जू सफारी और नेचर सफारी का विभिन्न देशों से आए सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर्स के एक दल ने भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने यहां की प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था और पर्यटक सुविधाओं का करीब से अवलोकन किया।

भ्रमण के दौरान इन क्रिएटर्स ने राजगीर जू सफारी में बनाए गए अत्याधुनिक इन्क्लोजर में वन्यजीवों को देखा और उनके व्यवहार तथा संरक्षण व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने 180 डिग्री थियेटर, इंटरप्रिटेशन सेंटर और एवियरी का भी अवलोकन किया। इन सभी स्थलों पर वन्यजीवों से जुड़ी जानकारी को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है, जिसे देखकर विदेशी मेहमान काफी प्रभावित





हुए।इसके बाद सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने नेचर सफारी पहुंचकर वहां स्थित प्रसिद्ध ग्लास ब्रिज और सस्पेंशन ब्रिज का भी भ्रमण किया। पहाड़ियों के बीच बने इन आकर्षक पुलों और आसपास के प्राकृतिक दृश्य ने सभी को रोमांचित कर दिया। उन्होंने यहां के बेहतर बुनियादी ढांचे, साफ-सफाई की व्यवस्था और पर्यटकों के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

कार्यक्रम के अंत में राजगीर जू सफारी के निदेशक राम सुन्दर एम, सहायक वन संरक्षक अजय कुमार तथा वनपाल निरंजन कुमार ने सभी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और कंटेंट क्रिएटर्स का मोमेंटो देकर स्वागत किया। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय भ्रमण से राजगीर के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी और यहां अधिक पर्यटकों के आने की संभावना बढ़ेगी

## विवाह समारोह के लिए भी उपलब्ध कराए जाएंगे वाणिज्यिक गैस सिलिंडर :- कुंदन कुमार

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ। जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार ने बताया कि जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से आपूर्ति की जा रही है। तेल विपणन कंपनी के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले की कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 8958 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करते हुए जिले के बैकलॉग 4.26 को घटाकर 2 से 3 के बीच लाया जाए।

खरमास समाप्त होने के बाद विवाह और अन्य आयोजनों की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए वाणिज्यिक गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की व्यवस्था भी की गई है। जिन लोगों के घर में वैवाहिक कार्यक्रम है, वे शादी के कार्ड के साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर आवश्यक वाणिज्यिक गैस सिलिंडर प्राप्त कर सकते हैं।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि बिहारशरीफ, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है।

अब तक लगभग 1500 उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन दिया जा चुका है, जबकि शेष आवेदकों को जल्द कनेक्शन प्रदान किया जाएगा।

एलपीजी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष (टोल फ्री नंबर 06112-233168) संचालित है। किसी भी प्रकार की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## क्लास लेते समय बेहोश हुई शिक्षिका, ब्रेन हेमरेज से हुई दर्दनाक मौत



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पनहर में कार्यरत शिक्षिका प्रियंकी कुमारी की ब्रेन हेमरेज के कारण अचानक मौत हो जाने से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह वे रोज की तरह अपने घर से विद्यालय पहुंचीं और बच्चों को पढ़ाने लगीं।

जानकारी के अनुसार, क्लास लेने के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। शिक्षिका के अचानक गिरने से विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विद्यालय के शिक्षक और छात्रों ने तुरंत उन्हें उठाकर नजदीकी निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया।

स्थानीय चिकित्सक ने जांच के बाद शिक्षिका को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी मौत ब्रेन हेमरेज के कारण हुई है। घटना की खबर मिलते ही विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र के लोगों में शोक व्याप्त हो गया।

मृतक शिक्षिका प्रियंकी कुमारी हुलासगंज थाना क्षेत्र के ओर गांव की रहने वाली बताई जाती हैं। वे अपने शांत स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के कारण विद्यालय और छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय थीं। उनके आकस्मिक निधन से विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को गहरा आघात पहुंचा है।

इस दुखद घटना पर इस्लामपुर प्रखंड के शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शिक्षकों ने कहा कि प्रियंकी कुमारी एक समर्पित और मेहनती शिक्षिका थीं, जिनका इस तरह अचानक चले जाना शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है।

## राज्यपाल के राजगीर दौरे पर सुरक्षा कारणों से ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

अखिलेंद्र कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार के राज्यपाल के 28 और 29 अप्रैल 2026 को नालंदा जिले के राजगीर क्षेत्र में प्रस्तावित परिभ्रमण कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। राज्यपाल के दौरे के दौरान चिन्हित कार्यक्रम स्थलों और आवासन स्थल के आसपास ड्रोन उड़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

राज्यपाल के परिसहाय, बिहार से प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त तिथियों को राज्यपाल का राजगीर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का कार्यक्रम निर्धारित है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक, नालंदा ने सुरक्षा की दृष्टि से कार्यक्रम स्थलों के आसपास अनधिकृत ड्रोन के प्रवेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया था।

इसके आलोक में प्रशासन द्वारा राजगीर क्षेत्र को अस्थायी रूप से “नो फ्लाइंग जोन” घोषित किया गया है। इस अवधि में किसी भी व्यक्ति या संस्था को बिना अनुमति ड्रोन उड़ाने की इजाजत नहीं होगी। सुरक्षा एजेंसियां पूरे क्षेत्र पर विशेष नजर रखेंगी।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राज्यपाल के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजगीर को निर्देश दिया गया है कि वे इस आदेश का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराएं और संबंधित क्षेत्रों में आवश्यक निगरानी बनाए रखें।





SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED RERA APPROVED APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO ₹4551/*sq.ft
60% Free Area
COMFORT, LUXURY WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# एनएच-20 पर तेज रफ्तार कार का कहर, एक की मौत, दो जख्मी



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-20 पर मंगलवार अलसुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना मुढारी गांव के पास की है। जानकारी के अनुसार बख्तियारपुर की ओर से बिहारशरीफ की तरफ आ रही एक तेज रफ्तार कार (बीआर 01 ईवाई 7277) अचानक अनियंत्रित हो गई। स्थानीय ग्रामीणों और चशमदीदों के अनुसार वाहन चालक को नींद आ जाने के कारण यह हादसा हुआ। कार पहले फोरलेन के डिवाइडर से टकराई और उसके बाद मुढारी गांव के स्वागत द्वार के पास सड़क किनारे खड़ी एक बुलेट बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में राहगीर समेत तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल इलाज के लिए रेफरल अस्पताल कल्याण बीघा पहुंचाया गया। जहां इलाज के



दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

मृतक की पहचान हरनौत थाना क्षेत्र के गरभूचक गांव निवासी सुखनंदन प्रसाद के 40 वर्षीय पुत्र भूषण कुमार के रूप में हुई है। वह किसान थे और अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री समेत पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कुछ देर बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एनएच-20 जाम कर दिया। बाद में पुलिस के समझाने पर जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है।

# शिक्षक बनने की तैयारी, डीपी सिंह इंस्टीच्यूट से प्रशिक्षुओं को इंटर्नशिप के लिए विदाई




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। मंगलवार को डी०पी० सिंह इंस्टीच्यूट ऑफ एजुकेशन (टी०टी०सी०) में बी०एड० सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुओं को इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए संस्थान परिसर से हरि झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री नवीन कुमार (निदेशक, मीडलाइफ प्राइवेट लिमिटेड) तथा संस्थान के प्राचार्य डॉ० श्रवण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर गौतम समूह संस्थान के अध्यक्ष डॉ० अभिजित कुमार गौतम ने इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षण कार्य के व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वहीं गौतम समूह संस्थान के मुख्य सचिव त्रिपुरारी लाल ने कहा कि किसी भी पेशागत शिक्षा में इंटर्नशिप के माध्यम से प्रशिक्षु वास्तविक जीवन में अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग करना सीखते हैं।

मीडलाइफ प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक नवीन कुमार ने प्रशिक्षुओं को सामाजिक जीवन में अनुशासन और नैतिकता के महत्व को समझाते हुए कहा कि एक सफल शिक्षक बनने के लिए इन गुणों का पालन अत्यंत आवश्यक है।

वहीं गौतम समूह संस्थान के कार्यकारी सचिव डॉ० विनोद कुमार ने इंटर्नशिप को पेशागत शिक्षा की आत्मा बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है।

संस्थान के प्राचार्य डॉ० श्रवण कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को शैक्षिक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए विभिन्न नीतियों और नियमों की विस्तार से जानकारी दी।

सहायक प्राध्यापक श्री शशिकांत कुमार बर्मा ने प्रशिक्षुओं को एक आदर्श शिक्षक बनने के लिए आवश्यक गुणों पर प्रकाश डाला।


कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षु अपने-अपने निर्धारित विद्यालयों के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर कार्यालय के संचालक सत्येन्द्र कुमार सहित अन्य गैर-शैक्षिक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।









# मोबारकपुर में पेड़ से लटका मिला वृद्ध का शव, हत्या की आशंका



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र के मोबारकपुर गांव में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के पूरब स्थित अहरीया खंधा में एक पेड़ से लटका हुआ 70 वर्षीय वृद्ध का शव बरामद किया गया। सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

घटना की सूचना मिलते ही हिलसा-2 के डीएसपी कुमार ऋषि राज तथा इस्लामपुर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पाण्डेय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया।मृतक की पहचान मोबारकपुर निवासी स्वर्गीय खेलावन पासवान के 70 वर्षीय पुत्र श्यामदेवपासवान के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि श्यामदेव पासवान सोमवार की रात पास के एक गांव में आयोजित शादी समारोह में गए थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे। मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने उनका शव पेड़ से लटका देखा और इसकी सूचना परिवार वालों को दी।

मृतक के पुत्र संतोष पासवान और अवध पासवान ने इस घटना को संदिग्ध बताते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि उनके पिता की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। शव की स्थिति देखकर लगता है कि अज्ञात लोगों ने पहले हत्या की और साक्ष्य छिपाने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया।

डीएसपी कुमार ऋषि राज ने बताया कि फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मामला हत्या का है या आत्महत्या का। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# हरनौत नपं में जनगणना 2027 हेतु शिक्षकों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण




हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। नगर पंचायत हरनौत में जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत शिक्षकों के दूसरे बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। यह प्रशिक्षण प्रखंड मुख्यालय स्थित बीपीआरओ कार्यालय भवन के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें जनगणना कार्य के लिए प्रतिनियुक्त कुल 32 प्रगणक और पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर शिक्षिका पम्मी कुमारी और शिक्षक जयराम दास ने प्रतिनियुक्त शिक्षकों को डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को जनगणना के लिए उपयोग किए जाने वाले मोबाइल ऐप की बारीकियों से अवगत कराया गया। साथ ही प्रश्नावली के प्रत्येक कॉलम को भरने की प्रक्रिया तथा फील्ड में आंकड़े संग्रह करने के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के उपाय भी समझाए गए। प्रशिक्षकों ने डेटा की शुद्धता और गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जनगणना में दर्ज किया गया प्रत्येक आंकड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की भावी योजनाओं की आधारशिला भी है।

प्रथम चरण में क्षेत्रों का विभाजन, एचएलओ ऐप लोड करना, मकानों का सूचीकरण और नजरिया नक्शा तैयार करना शामिल होगा। इसके बाद दूसरे चरण में आम जनता का पंजीकरण कर 34 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र कर ऑनलाइन दर्ज की जाएगी।


कार्यपालक पदाधिकारी सह जनगणना चार्ज पदाधिकारी सौरभ सुमन ने बताया कि कुल तीन बैच में प्रशिक्षण आयोजित किया गया है, जिनमें से दो बैच का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। मौके पर प्राची प्रसाद, राहुल कुमार सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।












# दिन में भी जलती हाईमास्ट लाइट से बिजली बर्बादी, नगर पंचायत उदासीन

हरिओम कुमार


हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र में बिजली की अनावश्यक बर्बादी का मामला सामने आया है। स्थानीय नगर पंचायत में निर्माणाधीन बिस्कोमान भवन के पास लगी हाईमास्ट लाइट दिन में भी लगातार जलती रहती है, जिससे अनावश्यक बिजली की खपत हो रही है। इस स्थिति को देखकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है।

सरकार जहां बिजली की बचत और ऊर्जा संरक्षण को लेकर लगातार लोगों को जागरूक कर रही है, वहीं नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के कारण यह हाईमास्ट लाइट महीनों से दिन में भी जलती रहती है। बाजार में खरीदारी करने पहुंचे लोग इसे देखकर आश्चर्य व्यक्त करते हैं और कहते हैं कि दिन में जलती लाइट शायद प्रशासन की नजर में नहीं आ रही है।


स्थानीय दुकानदारों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि सरकार बिजली बचाने के लिए लोगों के घरों के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों और संस्थानों की छतों पर सौर ऊर्जा आधारित लाइटें लगाने को प्रोत्साहित कर रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जैसी योजनाएं भी चलाई जा रही हैं, ताकि बिजली बिल में कमी आए और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके।

इसके बावजूद नगर पंचायत क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही चिंताजनक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर कभी-कभी एक दिन के लिए लाइट बंद कर दी जाती है, लेकिन अगले दिन फिर वही स्थिति हो जाती है।

ग्रामीणों और दुकानदारों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि हाईमास्ट लाइट को समय पर जलाने-



बुझाने के लिए एक कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, ताकि बिजली की बर्बादी रोकी जा सके।






# मारपीट मामले में फरार आरोपी निक्की कुमार गिरफ्तार, पुलिस कर रही पूछताछ



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भागन बीघा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस उससे पूछताछ कर पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार यह मामला भागन बीघा थाना क्षेत्र का है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मारपीट के मामले में फरार आरोपी अपने गांव में मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और मिल्कीपर गांव से आरोपी को धर दबोचा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मिल्कीपर गांव निवासी मिथिलेश यादव के 20 वर्षीय पुत्र निक्की कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह मारपीट के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचने के लिए छिपता फिर रहा था।

भागन बीघा ओपी थाना अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

फिलहाल पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जानकारी मिल सके। पूछताछ पूरी होने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# राजगीर-छबीलापुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राजगीर-छबीलापुर मुख्य मार्ग पर सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान पिलखी गांव निवासी श्रवण रविदास की 45 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि वह राजगीर के एक होटल में खाना बनाने का काम करती थीं और उसी से परिवार का भरण-पोषण होता था।

परिजनों के अनुसार मंजू देवी रोज की तरह सोमवार रात भी होटल में काम खत्म कर पैदल अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान पिलखी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क किनारे नाले में जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।

काफी देर बाद ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी। लोगों ने तुरंत उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल भेजा गया था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान करने में जुटी है।

मंजू देवी अपने पीछे एक बेटा और तीन बेटियां छोड़ गई हैं। उनके पति दोनों पैरों से दिव्यांग हैं। परिवार की पूरी जिम्मेदारी मंजू देवी पर ही थी। घटना के बाद चारों बच्चों और दिव्यांग पति के सामने जीवनयापन की गंभीर चुनौती खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता देने की मांग की है।









## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि देश में बदलाव का अभियान रुकेगा नहीं

राष्ट्र के उत्थान के लिये जो बड़े बदलाव के प्रयास होते हैं, यदि वे वाकई परिवर्तन के वाहक हों , तो जनता का सकारात्मक संबल मिलना चाहिए। हमें भविष्य की चुनौतियों के मुकाबले और राष्ट्रीय एकता के लिये कुछ त्याग भी करने चाहिए।

राजग सरकार का दावा है कि उसने देश में हमेशा बदलाव की राजनीति की है। भाजपा ने 1994 में राजनीति के हर चरण पर महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था। अब मौजूदा सरकार ने संसद का एक विशेष सत्र बुलाकर राजनीति में महिला आरक्षण लागू करने का प्रयास किया है। सरकार की मंशा थी कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिल जाए। इससे पहले जब राजग सरकार ने अनुच्छेद 370 और 35-ए का 2019 में उन्मूलन किया था तो कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त हुआ। कश्मीर से लद्दाख को अलग करके उसके पुनःपरिसीमन का प्रयास किया। वैसे देश की कुरीतियों को हटाना भी अगर बदलाव कहें तो जब सरकार ने तीन तलाक को गैर-कानूनी घोषित कर दिया था तो इसे भी एक बदलाव कहा जा सकता है।

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि देश में बदलाव का अभियान रुकेगा नहीं। हमारे बदलाव के एजेंडे में अभी भी एक बड़ी बात अधूरी है, एक बड़ा लक्ष्य अभी पूरा करना है, वह यह है कि अलग-अलग धर्मों, जातियों और वर्णों वाले देश में समान नागरिक संहिता लागू की जाए। इस प्रायद्वीप जैसे बड़े देश में कभी केन्द्र और कभी राज्यों के चुनाव करते समय, शक्ति और पैसा बर्बाद करने की बजाय एक राष्ट्र और एक चुनाव की धारणा को साकार किया जाए। निस्संदेह, समान नागरिक संहिता लागू करने में धार्मिक कट्टरता या व्यावहारिक कठिनाइयां भी सामने आ रही हैं लेकिन इन्हीं पर आज विशेष चिंतन की जरूरत है। देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिये आज इसकी जरूरत है।

# बिहारशरीफ में 'हनी हेयर पोर्ट सैलून एंड अकादमी' का भव्य उद्घाटन

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।बिहारशरीफ शहर के कागज़ीलाल चौक के समीप 'हनी हेयर पोर्ट सैलून एंड अकादमी' का भव्य उद्घाटन हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, व्यवसायियों तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा और लोगों ने इस नई पहल का दिल खोलकर स्वागत किया।

इस अवसर पर सैलून की संचालिका मधु कंचन ने बताया कि 'हनी हेयर पोर्ट' को आधुनिक सुविधाओं और प्रोफेशनल सेवाओं से सुसज्जित किया गया है, जहां महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली ब्यूटी और हेयर केयर सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यहां स्किन केयर, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप, ब्राइडल मेकओवर, हेयर ट्रीटमेंट सहित ब्यूटी से जुड़ी हर प्रकार की सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान की जाएंगी, जिससे ग्राहकों को अलग-अलग जगह भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

मधु कंचन ने विशेष रूप से बताया कि यह संस्थान केवल एक सैलून नहीं, बल्कि एक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। यहां ब्यूटी और हेयर से जुड़े विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स संचालित किए जाएंगे, जिससे स्थानीय युवाओं और युवतियों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ सेवाएं प्रदान करना नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए प्रेरित करना है। उनके अनुसार, प्रशिक्षित और अनुभवी स्टाफ की देखरेख में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और सेवाएं



सुनिश्चित की जाएंगी|उद्घाटन के मौके पर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर की भी घोषणा की गई।

मधु कंचन ने बताया कि फिलहाल सैलून में आने वाले ग्राहकों को सभी सेवाओं पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है, जिससे लोग किफायती दरों पर बेहतरीन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सैलून की आधुनिक व्यवस्था, स्वच्छता और प्रोफेशनल सेटअप की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 'हनी हेयर पोर्ट सैलून एंड अकादमी' आने वाले समय में बिहारशरीफ शहर में ब्यूटी और ट्रेनिंग के क्षेत्र में एक नई पहचान स्थापित करेगा।

स्थानीय लोगों ने भी इस पहल को सराहते हुए कहा कि अब उन्हें बेहतर ब्यूटी सेवाओं और गुणवत्तापूर्ण प्रोफेशनल ट्रेनिंग के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

इस तरह 'हनी हेयर पोर्ट सैलून एंड अकादमी' न केवल सौंदर्य सेवाओं का केंद्र बनेगा, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता चुने जाने पर जद(यू) प्रदेश अध्यक्ष ने दी बधाई

पटना (अपना नालंदा)। जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता चुने जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार एक अनुभवी, सुलझे हुए और दूरदर्शी नेता हैं, जिनका लंबा राजनीतिक अनुभव तथा जनसेवा के प्रति समर्पण पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती प्रदान करेगा।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि श्रवण कुमार का सरल व्यक्तित्व, कार्य के प्रति समर्पण और जनता से गहरा जुड़ाव उन्हें एक सक्षम नेतृत्वकर्ता बनाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ेगा।कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में पार्टी ने "न्याय के साथ विकास" के संकल्प को साकार करने का जो अभियान शुरू किया है, उसे आगे बढ़ाने में श्रवण कुमार की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने जिस भरोसे के साथ उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में सुशासन, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की जो मजबूत नींव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में रखी गई है, उसी दिशा में आगे बढ़ते हुए पार्टी संगठन लगातार मजबूत होगा। साथ ही राज्य के विकास को नई गति मिलेगी और जनता का विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ होगा।

# शुभम कुमार की उपलब्धि पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने दी बधाई

पटना(अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेंस 2026 के परिणाम में गया के मेधावी छात्र शुभम कुमार द्वारा शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। शुभम कुमार ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में बिहार में प्रथम स्थान तथा पूरे देश में छठा स्थान हासिल कर राज्य का नाम गौरवान्वित किया है।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शुभम कुमार की यह उपलब्धि न केवल उनके अथक परिश्रम और लगन का परिणाम है, बल्कि यह बिहार की प्रतिभा और मेहनत की भी झलक प्रस्तुत करती है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बिहार के छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जो पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शुभम कुमार की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में शुभम कुमार अपनी प्रतिभा, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर और भी ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे।विधानसभा अध्यक्ष ने शुभम कुमार के माता-पिता, परिजनों तथा उनके गुरुजनों को भी इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शुभम कुमार का भविष्य उज्ज्वल हो तथा वे आगे चलकर देश और समाज की सेवा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

# डीएम ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर लिया जायजा

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी जहानाबाद डॉ. प्रीति ने मंगलवार को जिले के ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और रख-रखाव की स्थिति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन से संबंधित उपकरणों की सुरक्षा और सही रख-रखाव अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रीति ने वेयरहाउस परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने के लिए नियमित रूप से निगरानी की जाए और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं।

इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला



अग्निशमन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।

अधिकारियों ने जिलाधिकारी को वेयरहाउस में रखी मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था और संचालन से जुड़ी जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप वेयरहाउस की निगरानी और रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में होने वाले चुनावों के लिए सभी तैयारियां व्यवस्थित बनी रहें।

# हरनौत में सूख रहे तालाब-पोखर, गिरते भूमिगत जलस्तर से बढ़ी चिंता



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में बढ़ते तापमान और जलस्रोतों की उपेक्षा के कारण तालाब-पोखरों का पानी तेजी से सूखने लगा है। इसका सीधा असर भूमिगत जलस्तर पर भी दिखाई दे रहा है। कई जगहों पर बने कुंओं और चापाकलों में पानी का स्तर नीचे खिसक गया है, जिससे लोगों को पानी निकालने में पहले की तुलना में अधिक परेशानी हो रही है।

हरनौत बाजार के चंडी मोड़, दैली सूर्य मंदिर और चेरो सूर्य मंदिर स्थित तालाबों के आसपास बने कुओं में अब लोगों को पानी निकालने के लिए रस्सी की लंबाई बढ़ानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार बढ़ती गर्मी और वर्षा के जल का संरक्षण नहीं होने के कारण तालाब-पोखरों का पानी तेजी से घट रहा है। कई तालाब लगभग सूखने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि पहले हर राजस्व गांव में दो से तीन बड़े तालाब या पोखर हुआ करते थे, जो वर्षभर पानी से भरे रहते थे। इन तालाबों का उपयोग सिंचाई, मछली पालन, पशुओं को नहलाने और घरेलू जरूरतों के लिए किया जाता था। लेकिन समय के साथ अधिकांश तालाब अतिक्रमण, उपेक्षा और भराई के कारण समाप्त हो गए। कुछ पुराने तालाब ही अब बचे हैं, जिनका संरक्षण भी सही ढंग से नहीं हो पा रहा है।

सरकार द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए "जल-जीवन-हरियाली मिशन" के तहत कई तालाबों के जीर्णोद्धार की योजना शुरू की गई थी।

इसके अंतर्गत कुछ तालाबों कापुनर्जीवन भी किया गया है। हालांकि कई जगहों पर योजनाएं अधूरी ही रह गई हैं। लोहरा पंचायत के किचनी गांव में केंद्र सरकार की योजना से तालाब का जीर्णोद्धार होना था और

इसके लिए शिलापट्ट भी लगाया गया था, लेकिन आज तक कार्य शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि यदि तालाब का जीर्णोद्धार हो जाता तो पशुपालन, सिंचाई और मछली पालन जैसी गतिविधियों में काफी सुविधा मिलती।

नेहुसा पंचायत के नेहुसा गांव स्थित श्री राम जानकी मंदिर के पास का प्राचीन तालाब भी अब संकट में है। पहले इस तालाब में सालभर पानी भरा रहता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से मार्च-अप्रैल में ही पानी सूखने लगता है। इस वर्ष तालाब के बीच में मंदिर निर्माण का कार्य भी चल रहा है।

जलस्रोतों के सूखने का असर पशु-पक्षियों पर भी पड़ने लगा है। खेत-खलिहानों में दरारें पड़ने लगी हैं और जंगली जीव पानी की तलाश में गांवों की ओर आने लगे हैं। हरनौत नगर पंचायत के बस्ती गांव के पशुपालक अर्जुन यादव ने बताया कि क्षेत्र में तालाब नहीं रहने से भैंस और अन्य पशुओं को नहलाने तथा पानी पिलाने में काफी परेशानी हो रही है। मजबूरी में लोग दैली गांव जाने वाली सड़क पर जोगना खंधा स्थित एक गड्ढेनुमा पोखर में पशुओं को नहलाते हैं, जहां आसपास के चार गांवों के लगभग दो सौ पशु प्रतिदिन लाए जाते हैं।

स्थानीय बुद्धिजीवियों के अनुसार हरनौत बाजार का चंदन तालाब कभी काफी प्रसिद्ध था। यहां स्थित ठाकुरबाड़ी में पूजा-अर्चना से पहले श्रद्धालु तालाब में स्नान करते थे और बरसात के मौसम में प्रवासी पक्षी भी बड़ी संख्या में आते थे। लेकिन पिछले एक दशक में बाजार क्षेत्र के तेजी से फैलाव और गैरमजरुआ जमीनों पर अतिक्रमण के कारण अधिकांश जलस्रोत समाप्त हो गए हैं। अब लोग जल संरक्षण और तालाबों के पुनर्जीवन की आवश्यकता को लेकर चिंता जता रहे हैं।

# वायरल ऑडियो से गरमाई इमामगंज पंचायत की राजनीति, आरोप-प्रत्यारोप तेज हुए



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहुई प्रखंड के इमामगंज पंचायत में इन दिनों एक कथित वायरल ऑडियो को लेकर सियासी माहौल काफी गरमा गया है। हालांकि इस वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि हमारा अखबार नहीं करता है, लेकिन इसे लेकर पंचायत की राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

इसी मुद्दे को लेकर प्रमुख प्रतिनिधि सह पैक्स अध्यक्ष संतोष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पंचायत के पूर्व मुखिया सतीश कुमार उर्फ पिक्कू मुखिया पर निशाना साधते हुए कहा कि एक महिला को केस के माध्यम से बार-बार इस्तेमाल किया जा रहा है।

संतोष ने दावा किया कि वायरल ऑडियो में चुनावी लड़ाई के लिए रणनीति बनाने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि इसमें महिला के परिवार के सदस्यों को भी इस पूरे प्रकरण में शामिल करने की चर्चा की जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह मामला पूरी तरह राजनीतिक साजिश का हिस्सा हो सकता है।

प्रमुख प्रतिनिधि ने इसे राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताते हुए कहा कि उन्हें और उनके परिवार को जानबूझकर विवाद में घसीटा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर वे किसी भी मामले में दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार सजा दी जाए, लेकिन बिना जांच के किसी की छवि खराब करना उचित नहीं है।

संतोष ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी और जनता को भी पूरे मामले की वास्तविकता पता चल सकेगी। फिलहाल इस विवाद ने इमामगंज पंचायत की राजनीति को गरमा दिया है और अब सभी की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# नगरनौसा बाजार में छापेमारी कर चार बाल श्रमिक मुक्त, तीन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई



बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। श्रम संसाधन विभाग, बिहार के निर्देश पर नालंदा जिले में बाल श्रम के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगरनौसा प्रखंड के नगरनौसा बाजार क्षेत्र में श्रम विभाग की विशेष धावा दल टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया। यह अभियान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नगरनौसा जयकृष्ण गुप्ता के नेतृत्व में संचालित किया गया।

जांच के दौरान टीम ने नगरनौसा बाजार स्थित तीन अलग-अलग प्रतिष्ठानों में कार्रवाई करते हुए कुल चार बाल श्रमिकों को कार्य से मुक्त कराया। बाल श्रम की रोकथाम को लेकर चलाए जा रहे इस अभियान में श्रम विभाग की टीम ने संबंधित नियोजकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है।

श्रम विभाग के अनुसार बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी संबंधित नियोजकों के खिलाफ संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं मुक्त कराए गए सभी बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ, नालंदा के समक्ष प्रस्तुत किया गया, ताकि उनके पुनर्वास और शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

इस विशेष धावा दल में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जयकृष्ण गुप्ता, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी चंडी प्रिंस कुमार के साथ आईडिया संस्था नालंदा के जिला समन्वयक उज्ज्वल कुमार, अश्विनी कुमार तथा प्रयास संस्था के शैलेंद्र प्रसाद शामिल थे।

श्रम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रमिक कार्य करते दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या नजदीकी थाना को दें, ताकि बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कर शिक्षा और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके।



# नवनिर्मित मंदिर में दुर्गा देवी जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 401 लोगों ने की जलबोझी




हरिओम कुमार

हरनौत(अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के पचौरा गांव में स्थित पंचायत सरकार भवन के पास लाखों रुपए की लागत से नवनिर्मित मंदिर में दुर्गा देवी जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें आसपास के तकरिबन 401 कन्याकुमारी एवं महिलाओं कलश में जल भरा। ग्रामीणों के अनुसार बाढ़ के उमानाथ गंगा जी घाट से गंगाजल मंगावाई गई थी।जिसे बख्तियारपुर-राजगीर रेलखंड में स्थित वेना रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर परिसर में भंडारण किया गया था।जहां डीजे व गाजा-बाजा के साथ पचौरा गांव से श्रद्धालु झुमते हुए पहुंचे थे।

उसके बाद वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य सच्चिदानंद पांडे ने मुख्य जजमान समेत श्रद्धालु को विधिवत कल्श में जल भरवाया। तद उपरांत श्रद्धालुओं ने इस भीषण गर्मी में तपती धूप में नंगें पांव सर पर रख कल्श रखकर भक्ति गीतों के धुन पर बनवारीपुर मोरा, मुर्गीयाचक, मोबारकपुर होते हुए पचौरा गांव स्थित धार्मिक कार्यक्रम स्थल परिसर में पहुंचे एवं यशशाला को परिक्रमा करते हुए कल्श को स्थापित की ।इस दौरान रास्ते में जय मां दुर्गे ,मां जगदम्बे आदि जयकारे की घोष से इलाके भक्ति रहा।वहीं वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य श्री पांडेने बताया कि तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में मंगलवार को कलश यात्रा का अनुष्ठान चला।जबकि आज बुधवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू किया जाएगा एवं कल बृहस्पतिवार को प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि इस तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में अंतिम दिन भव्य भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा । वही कार्यक्रम का आयोजन पचौरा के अलावा आसपास के गांव में भक्ति मय का वातावरण बना हुआ है।

# श्रवण कुमार विधायक दल के नेता बने, जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी

संजय कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार विधानसभा में जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल का नेता श्रवण कुमार को बनाए जाने के बाद नालंदा जिले के जदयू कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने इसे पार्टी नेतृत्व द्वारा समर्पित कार्यकर्ताओं के सम्मान का प्रतीक बताया है।

पार्टी नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा से पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए जाने जाते हैं। श्रवण कुमार पार्टी के स्थापना काल से ही एक सच्चे सिपाही की तरह संगठन को मजबूत करने में लगे रहे हैं और हमेशा नीतीश कुमार की नीतियों व सिद्धांतों का पालन करते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार लगातार आठवीं बार नालंदा विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं और उनकी छवि एक सादगीपूर्ण, समर्पित तथा जनता के बीच रहने वाले नेता की है। जनता और कार्यकर्ताओं के लिए उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है। जेपी आंदोलन से लेकर समता पार्टी की स्थापना और आज तक के राजनीतिक सफर में वे नीतीश कुमार के भरोसेमंद सहयोगी रहे हैं।

पार्टी नेताओं ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर के सानिध्य में उन्होंने राजनीति का पाठ सीखा और गरीबों, शोषितों, वंचितों तथा अतिपिछड़ों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहे हैं। उनके व्यक्तित्व में कर्पूरी ठाकुर, राममनोहर लोहिया, जयप्रकाश नारायण और नीतीश कुमार के विचारों की झलक दिखाई देती है।

बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, जिलाध्यक्ष मो. अरशद, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, गुलरेज अंसारी, संजयकांत सिन्हा, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, मुन्ना कुमार, मुकेश सिंह, जयराम सिंह, संजय कुशवाहा, अरविंद कुमार, जनार्दन पंडित, अजय चंद्रवंशी, युवाध्यक्ष धीरज पटेल, प्रतीम राज उर्फ सन्नी पटेल, संजीत यादव, सुनील रविदास, निरंजना गुप्ता, राहुल कुशवाहा, इमरान रिजवी, मिंटू चौधरी, अरविंद पटेल, पंकज कुमार, सोनी लाल, अमित कुमार, रिक्की, शैलेन्द्र गराई और डॉ. सुनील दत्त सहित कई कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

# संजय कांत सिन्हा बोले, श्रवण कुमार का चयन पार्टी के भरोसे का प्रतीक

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। जनता दल (यू) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री श्रवण कुमार को जदयू विधायक दल का नेता चुने जाने पर पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर कई नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए इसे पार्टी नेतृत्व का महत्वपूर्ण फैसला बताया।

जदयू के प्रदेश महासचिव सह हरनौत विधानसभा क्षेत्र से राज्य परिषद सदस्य संजय कांत सिन्हा ने बधाई संदेश जारी कर कहा कि श्रवण कुमार का विधायक दल का नेता चुना जाना पार्टी में उनके बढ़ते कद और नेतृत्व पर पार्टी के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेहद करीबी सहयोगियों में शामिल रहे हैं और लंबे समय से संगठन तथा सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं।

संजय कांत सिन्हा ने कहा कि श्रवण कुमार का राजनीतिक अनुभव और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा पार्टी को मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगी। नालंदा जिले से आने के कारण उन्हें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विश्वासपात्र भी माना जाता है।

उन्होंने बताया कि श्रवण कुमार वर्ष 1994 में समता पार्टी के गठन के समय से ही नीतीश कुमार के साथ जुड़े हुए हैं और लगातार संगठन तथा सरकार में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में उन्होंने नालंदा सहित पूरे बिहार में जमीनी स्तर पर कई



विकास कार्य कराए।

पार्टी नेताओं ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में जदयू विधायक दल और अधिक सशक्त होगा तथा विकास और जनसेवा के कार्यों को नई गति मिलेगी।

# जदयू विधायक दल के नेता बने श्रवण कुमार, नालंदा में खुशी

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन विभाग के पूर्व मंत्री श्रवण कुमार को जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल का नेता चुने जाने पर नालंदा जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संगठन और कार्यकर्ताओं की जीत बताया है।

इस अवसर पर नालंदा जिला मुखिया संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सह जदयू जिला महासचिव अरविन्द यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) हमेशा से कार्यकर्ताओं की पार्टी रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से जमीनी कार्यकर्ता श्रवण कुमार को विधायक दल का नेता बनाए जाने की मांग कर रहे थे। पार्टी नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं की भावना का सम्मान करते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

उन्होंने विश्वास जताया कि श्रवण कुमार के नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा पूरे बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। अरविन्द यादव ने कहा कि श्रवण कुमार का राजनीतिक अनुभव, सरल स्वभाव और कार्यशैली पार्टी के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। उनके नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल भी और मजबूत होगा।

इस मौके पर कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी हर्ष व्यक्त किया और एक-दूसरे को बधाई दी। खुशी जाहिर करने वालों में पिगुल सिंह, अजीत वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद, शैलेंद्र गाराय, उपेन्द्र प्रसाद, संतोष कुमार, टुनी थामी, जीतू मांझी और धनंजय सहित कई मुखिया एवं कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने श्रवण कुमार के उज्ज्वल नेतृत्व की कामना की।

# जनसेवा, कर्तव्यनिष्ठा और प्रतिबद्धता से ही मजबूत बनती है सुशासन की नींव- विजय कुमार सिन्हा

पटना (अपना नालंदा)। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सिविल सेवा दिवस के अवसर पर देश और राज्य के सभी लोकसेवकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी सरकारी नीतियों के वास्तविक क्रियान्वयनकर्ता होते हैं और सुशासन की स्थापना में उनकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है।

उन्होंने कहा कि विकास की योजनाओं को सही मायने में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में लोकसेवकों की कर्तव्यनिष्ठा और प्रतिबद्धता का अहम योगदान होता है। सभी प्रशासनिक अधिकारियों को मिलकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के सिद्धांत को जमीन पर उतारने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य हासिल करने के लिए देश को अभी लंबा सफर तय करना है। ।


Kalope
HOMES
Now in
BIHAR SHARIF
PREMIUM MODULAR KITCHEN
@ ₹99,999 में.
Upgrade Your Home with Luxurious uPVC Kitchen
ZERO
WOOD
TECHNOLOGY
No Wood
100%
Waterproof
uPVC
Termite
Proof
Low
Maintenance
10
YEAR
WARRANTY
LIMITED OFFER FOR FIRST 20 CUSTOMERS ONLY
BOOK FREE SITE VISIT »
+91 74887 06578
*T&C Apply | Limited Offer